# अट्ठारह दिन से चल रहा धरना समझाइश पर स्थगित

## विजयनगर तहसील क्षेत्र को अजमेर जिले में यथावत रखने की मांग रखी

**बिजयनगर,** (निसं)। बिजयनगर तहसील क्षेत्र को नवसृजित जिले केकडी जिले में शामिल किए जाने के विरोध में गत 12 मई से अट्ठारह दिन से चल रहा धरना उपखंड अधिकारी भरत राज गुर्जर एवं तहसीलदार सुभाष स्वामी के साथ सोमवार को धरना स्थल पर की गई समझाइश के पश्चात स्थगित किया गया।

तहसील संघर्ष समिति अध्यक्ष कैलाश गुर्जर के नेतृत्व में चल रहे धरने को शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का व्यापक समर्थन मिला। विगत 19 मई को विजयनगर बंद का भी व्यापक असर देखने को मिला। धरने पर बैठे कैलाश गुर्जर के साथ जैन समाज के प्रेम राज बोहरा, नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, कांग्रेस नेता श्याम नागोरी, चतर सिंह पीपाड़ा, मदन गोपाल बाल्दी, रालोपा पार्टी के जगदीश लांबा, कैलाश जाट, नेमी चन्द भंडारी, संजय कुमावत, शिवदयाल त्रिपाठी, ज्ञान सिंह सांखला, एडवोकेट दिनेश राका, आशीष सांड, नेमीचंद मेवाड़ा, प्रदीप सिंह भदोरिया, रामपाल जांगिड़, राजेंद्र पामेचा, किशन सिंह सिसोदिया, रामलाल जांगिड़, रतनलाल जाट, कुबेर सिंह, लक्ष्मण कंजर व मुकुंद सिंह राठौड़ सहित नागरिकों ने उपखंड अधिकारी भरत राज गुर्जर एवं तहसीलदार सुभाष स्वामी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर विजयनगर तहसील क्षेत्र को अजमेर जिले में यथावत रखने की मांग की।



**तहसील संघर्ष समिति के अध्यक्ष कैलाश गुर्जर के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।**

- **बिजयनगर तहसील क्षेत्र को नवसृजित जिले केकडी जिले में शामिल किए जाने के विरोध में गत 12 मई से धरना जारी था**

उपखंड अधिकारीभरत राज गुर्जर ने बताया कि जन भावनाओं एवं क्षेत्र कीभौगोलिक स्थिति की तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अजमेर ब्यावर केकड़ी की स्थिति से अवगत करवाते हुए। इस संबंध में राज्य सरकार को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी। अभी तक नवसृजित जिलों की सीमाएं तय नहीं है राज्य सरकार जनता की भावना के अनुसार निर्णय लेगी।

# टोडा पुलिस चौकी इंचार्ज को हटाने की मांग

## ग्रामीणों ने महानिरीक्षक जयपुर को दिया ज्ञापन

**पाटन,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत टोडा के राजस्व ग्राम कालाकोटा के ग्रामीणों ने महानिरीक्षक जयपुर को ज्ञापन सौंपकर टोडा पुलिस चौकी इंचार्ज को हटाने की मांग की है। मामले के अनुसार टोडा, कालाकोटा, तेलीवाला, रामल्यास गांव के अंदर से जा रहे खदानी ओवरलोड डंपरों को रोकने की मांग पर अड़े हैं, क्योंकि इन डंपरो से आए दिन दुर्घटनाएं घटती रहती है। 24 मई को डंपर से पत्थर गिरने पर एक बालिका बाल-बाल बच गई थी, जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ओवरलोड वाहनों को रुकवा दिया था।

बाद में परिवहन विभाग द्वारा चालान काट कर कार्रवाई की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस चौकी इंचार्ज मोहनलाल स्वामी विगत पांच वर्षों से टोडा चौकी में जमा हुआ है तथा खान माफियाओं के इशारे पर ओवरलोड वाहनों का संचालन करता है। ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज अभद्र व्यवहार करते हैं। ओवरलोड वाहनों से आए दिन गांव में पत्थर गिरते हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। ग्रामीण जब इसकी शिकायत लेकर पुलिस चौकी पहुंचते हैं तो पुलिस चौकी इंचार्ज एफ आई आर दर्ज करने के बजाय ग्रामीणों को ही डांट फटकार कर भगा देते हैं।

ग्रामीणों ने पुलिस चौकी इंचार्ज को हटाने व ओवरलोड डंपरो को बंद करवाने को लेकर पुलिस महा निरीक्षक जयपुर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने वालों ने बताया है कि इस मौके पर पुलिस महानिरीक्षक ने जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर रोहिताश बटार, कानाराम गुर्जर, कृष्ण गुर्जर द्वारा आईजी जयपुर को ज्ञापन दिया गया। पूर्व में भी ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी, पुलिस अधीक्षक सीकर एवं स्थानीय नेताओं को भी अवगत करवा दिया था। उसके बावजूद भी जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो मजबूरन ग्रामीणों को जयपुर आईजी से मिलना पड़ा।

# दो दुकानों से नकदी चोरी

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के बापूबाजार में स्थित बुक स्टोर की दो दुकानों से चोर नकदी चुरा ले गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात में शहर के बापूबाजार में स्थित पोपुलर बुक स्टोर दुकान का अज्ञात चोर ताला तोड़ 90 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। वहीं चोर पास स्थित रमेश बुक स्टोर का ताला तोड़ कर करीब 3 लाख रूपये नकदी चुरा ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच पीडित महेश पुत्र अर्जुनदास कटारिया निवासी ई ब्लॉक शिवपार्क कॉलोनी सूरजपोल व सेक्टर 14 निवासी अनिल गखरेजा पुत्र हरिश गखरेजा की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# अवैध शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर दबीश देकर पचास हजार रूपये की अवैध शराब जब्त कर तीन जनों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर मंजीतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरवजिन में हिरणमगरी थानाधिकारी रामसुमेर मीणा के नेतृतव में गठित टीमों ने कृषि मण्डी के सामने ओमानी कार में निर्मल पुत्र रोशनलाल निवासी सुरों का फला बलीचा बाईपास थाना गोवर्धन विलास के कब्जे से 60 बोतल व बीयर की 24 केन जब्त की। उमरड़ा से डालूराम पुत्र भेरा के कब्जे से पांच बोतल शराब तथा बंजारा बस्ती से मनोहरलाल पुत्र आनन्दीलालके कब्जे से 121 बोतले, बीयर की केन 46, अंठोजी शराब की 16 बोतले, अंठोजी शराब के 29 अध्धे एवं 119 पव्वे जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने अवैध शराब जब्त कर निर्मल, डालू व मनोहरलाल को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

# अस्पताल में हुए कार्यों की जांच कराने की मांग

**सुजानगढ़,** (निसं)। राजकीय मातृ शिशु अस्पताल में हुए निर्माण कार्यों की जांच करवाने की मांग को लेकर एडीएम भागीरथ साख को भाजयुमो द्वारा दिये गये ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं होने पर सोमवार को युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में बैठक की। बैठक युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मौसूण की अध्यक्षता में आहूत हुई।

पार्षद हरिओम खोड ने कहा कि एक तरफ सीएम गहलोत अपनी नि:शुल्क योजनाओं का प्रचार कर रहे हैं, दूसरी और मातृ शिशु अस्पताल के सरकारी उद्घाटन कार्यक्रम में पीएमओ ने अपने मित्र के नये मेडिकल का होर्डिंग लगाया। जिस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा सरकारी कार्यक्रम में हुई बिजली चोरी के प्रकरण में भी कार्रवाई नहीं होने पर आक्रोश जताया गया। बैठक में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में हुए निर्माण कार्यो की जांच नहीं होने पर आगामी 2 जून को जिला कलेक्टर के कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर कलक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। अमित मौसूण ने कहा कि फिर भी अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे नौ जून से अनिश्चिकालीन धरना शुरू करेंगे। इस बैठक में ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश सैन, मोनू गहलोत, हेमन्त सांखला, रेखा सोनी, ओमप्रकाश भरतिया, मुरील सैन, यश तोलानी, मनीष प्रजापत, बृजेश प्रजापत, हिमांशु भाटी, खुशबु दाधीच सहित बड़ी संख्या में भाजयूमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- **बैठक में मौसूण ने कहा कि फिर भी अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे नौ जून से अनिश्चिकालीन धरना शुरू करेंगे**

# कैफे पर दबिश, संचालक गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। सुखेर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान केफै पर दबीश देकर अवैध शराब व हुक्के जब्त कर कैफ संचालक को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहेतलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंजीतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक तपेन्द्र मीणाके सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी संजय शर्मा के नेतृत्व में गठित दल ने आसूचना के आधार पर 100 फीट रोड शौभागपुरा स्थित फ्रेण्डसजॉन केफे पर पहुंच कर दबीश दी। इस दौरान मोके से अवैध 254 बोतल शराब, 8 सेट हुक्का सेट व तम्बाकु फ्लेवर जब्त किए तथा मौके पर केफ के मैनेजर सुनिल पुत्र पप्पुसिंह निवासी डूडीपुरा पोस्ट खोडीया थाना एरावत नगर जिला आगरा युपीहॉल केशवनगर को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। मैनेजर ने पूछताछ में केफे के मालिक अनिल, कमलेश व अभिमन्युसिंह द्वारा अवैध गतिविधियां संचालित करने की जानकारी दी।

# छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**बौंली,** (निसं)। जिले के एक थाने में एक पीड़ित पिता ने अपनी नाबालिग कक्षा 9 में अध्ययनरत छात्रा पुत्री के साथ छेड़छाड़ व आए दिन जबरन परेशान करने व अश्लील हरकत करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया। दर्ज रिपोर्ट में बताया गया है कि गांव व पड़ोस का ही शादीशुदा मुनेश मीणा जबरन मोबाइल देकर बातचीत करने का दबाव बनाता है। घटना के समय नाबालिग की मां जंगल में पशु चराने गई हुई थी एवं पिता मजदूरी करने गया हुआ था। इसी दौरान आरोपी ने नाबालिक को अकेला देखकर घर में घुसकर छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मारपीट की एवं चिल्लाने पर लोगों को देखकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

# पावटा में जाम से वाहन चालक परेशान

## जाम में अधिकारियों की गाड़ी और एंबुलेंस भी भी फंस रही है

**पावटा,** (निसं)। पावटा शहर के लोग ट्रैफिक जाम से परेशान है। ग्राम पावटा से भोनावास को जाने वाली सड़क पर बने अंडरपास से लेकर पावटा शहर के सीएचसी कट तक सर्विस रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। दोपहिया, तीन पहिया व चारपहिया वाले सभी परेशानी महसूस कर रहे हैं। लोगों को अपने अपने गंतव्य तक जाने में काफी समय लग रहा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 48 के सर्विस रोड पर खड़े दोपहिया, तीन पहिया व चार पहिया वाहनों के चलते लगने वाले लगातार जाम से निपटने के लिए यातायात पुलिसकर्मियों की भी कोई व्यवस्था नहीं है। पावटा शहर के सीएचसी कट पर ही केवल ट्रैफिक कार्य के लिए पुलिसकर्मियों को लगा रखा है। जबकि ट्रैफिक का पूरा लोड पावटा भोनावास रोड के बड़े अंडर पास से लेकर पावटा शहर के सीएचसी कट व सुभाष चौक पर आ गया है।



**पवटा में जाम में फंसी एंबुलेंस।**

इससे सुबह से शाम तक जाम ही जाम का नजारा है। छोटे-बडे सभी वाहन शहर में इसी मार्ग से प्रवेश कर रहे हैं और शहर के बाहर भी निकल रहे हैं। जाम में अधिकारियों की गाडी भी फंस रही है और एंबुलेंस भी। जहां सोमवार को मरीज को लेने जा रही एंबुलेंस जाम में फंसी रही। यही स्थिति रही तो अस्पताल पहुंचने के पहले या मरीज तक एंबुलेंस पहुंचने से पहले गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति या दुर्घटना ग्रस्त की मौत भी हो सकती है। प्रशासन और पुलिस प्रशासन शहर की इस समस्या के अवगत करवाने के बाद भी समाधान के लिए कोई उपाय नहीं किये जा रहे हैं। प्रशासन और पुलिस प्रशासन आंखें बंद कर समस्या को नजर अंदाज करने मे लगा है।

# मामा-भांजे की डंपर की टक्कर से मौत

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। बहरोड़ के नजदीकी गांव तलवाड़ निवासी महेश कुमार मोबाइल दुकानदार व निशांत पुत्र अशोक निवासी नाघोड़ी सिलारपुर नीमराणा की नेशनल हाईवे नंबर 48 पर रोड क्रॉसिंग करते समय डंपर की टक्कर से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया गया कि जयपुर से दिल्ली मार्ग पर सुबह करीब 9 बजे मोटरसाइकिल सवार रिश्ते के मामा-भांजा रोड पार कर रहे थे। इस दौरान हादसा हो गया। टक्कर इतनी भयंकर थी कि डंपर दोनों मोटरसाइकिल सवार मामा-भांजे को करीब 100 मीटर की दूरी तक घसीट कर ले गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। गमगीन माहौल में परिजनों ने दोनों परिवारों के अलग-अलग गांव के इकलौते पुत्र महेश व निशांत का अंतिम संस्कार किया।

- **मोटरसाइकिल सवार मामा-भांजा रोड पार कर रहे थे**

# आकाशीय बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त

**सूरतगढ़,** (कासं)। शाम को आंधी के साथ ही बादलों की गरज चमक होने लगी। हालांकि बरसात नहीं आई मगर तेज धमाके के साथ गिरी आकाशीय बिजली ने रंगमहल गांव में एक किसान की ढ ाणी में बने नवनिर्मित मकान को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

मौसम विभाग की चेतावनी के अनुरूप सूरतगढ़ में भी मौसम बेईमान है। शीतल बयार जहां लोगों को गर्मी से राहत पहुंचा रही है, वहीं तेज हवा और अंधड़ ने घरों में गृहणियों को परेशान कर रखा है। रंगमहल के सरपंच विजय सिंह ताखर ने बताया कि ढ ाणी में खेतपाल जोहम के मकान की दीवार के निर्माण का कार्य चल रहा था। यह दीवार कुछ दिन पहले आये अंधड़ से ढ ह गई थी। इस बीच शाम को जोरदार धमाके के साथ खेतपाल के मकान की छत पर बने चौबारे पर बिजली गिरी जिससे पूरे मकान में दरारें आ गई।

बिजली गिरने के कारण घर के विद्युत उपकरण और वायरिंग जलने के साथ ही घरेलू सामान का नुकसान हो गया। घटना के तुरंत बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मकान में रह रहे लोगों की सार संभाल की। बिजली गिरने के बाद खेतपाल के नवनिर्मित मकान की छत पर बनाया गया दमदमा और पानी की टंकी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घर में कमरे की चौगाठें टेढ़ी हो गई तो पूरे मकान में दरारें आ गई। बिजली गिरने की दूसरी घटना सूरतगढ़ में एनएच-62 के समीप 33केवी के विद्युत टावर पर घटित हुई जिसमें बिजली के इंसुलेटर जल गए। इस कारण से शाम के समय गुल हुई बिजली रात 11 बजे तक भी पूरी तरह से बहाल नहीं हो पाई थी।

# पेट्रोल पंप से दिन दहाड़े ताला तोड़कर नगदी चोरी

**अनूपगढ़,** (निसं)। मुख्य बाजार में भीड़-भाड़ वाले इलाके में एक अज्ञात व्यक्ति ने पेट्रोल पम्प के काउंटर के गल्ले का ताला तोड़कर 53 हजार रूपए पार कर दिए। यह घटना मुख्य बाजार में स्थित दीवान चंद एंड संस पेट्रोल पम्प पर दोपहर 2 बजकर सात मिनट पर हुई। पेट्रोल पम्प में लगे सीसीटीवी में चोरी की पूरी घटना कैद हो गई। जिस समय घटना घटित हुई पेट्रोल पम्प का संचालक गल्ले को ताला लगाकर खाना खाने घर गया था।

पेट्रोल पंप के संचालक रतन चुप के द्वारा अनूपगढ़ पुलिस थाने में देर रात्रि अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मुख्य बाजार स्थित दीवान चंद एंड संस के संचालक रतन चुघ और उसका भतीजा परविंद्र चुघ रविवार दोपहर लगभग दो बजे अपने घर खाना खाने गए थे। तभी महाराजा होटल की तरफ से एक व्यक्ति सबकी आंखों में धूल झोंक कर पेट्रोल पम्प के कार्यालय में घुसा और इधर-उधर देखने के बाद कार्यालय के अंदर रखे काउंटर का गल्ला पेचकस से तोड़कर गल्ले में रखे 53 हजार रूपए पार कर दिए।

# बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया


**पुलिस की गिरफ्त में नाबालिग से बलात्कार का आरोपी।**

**बून्दी** (निसं)। नाबालिग पुत्री के साथ बलात्कार करने वाले उसकी मां के प्रेमी जोधराज जांगिड़ को महिला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया।

जानकारी के अनुसार गत 22 मई को नाबालिग पीड़ता के नाना ने महिला थाना पुलिस में रिपोर्ट देते हुए बताया था कि 6 वर्ष पूर्व उनकी दोहिती के पिता की मौत होने के बाद से उनकी पुत्री के पास जोधराज जांगिड़ आया करता था। जिसने 12 वर्ष की मेरी दोहिती के साथ डरा धमका कर कई बार बलात्कार किया है। पीड़िता के नाना की रिपोर्ट पर महिला पुलिस थाना बून्दी प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में आरोपी के संभावित स्थानों पर तलाशी करते हुए परिजन, मित्रों व मुखबीरों से मिली जानकारी के आधार पर 28 मई को आरोपी जोधराज जांगिड़ को गिरफ्तार किया गया। जांच कर आरोपी को पोस्को कोर्ट संख्या-1 में पेश किया गया, जहां से उसे 9 जून तक न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# शराब की दुकानों से परेशान महिलाओं ने बोतलें फोड़ प्रदर्शन किया

## दुकान के सेल्समैन से प्रदर्शनकारी महिला ने धक्का-मुक्की कर मारपीट की

**शाहपुरा,** (निसं)। भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा के पुराने बस स्टैंड के पास नई आबादी स्थित अवैध मांस मछली की दुकानों व सरकारी शराब की दुकान से परेशान महिलाओं का गुस्सा सोमवार को दोपहर में फूट पड़ा। कुछ महिलाओं ने यहां सरकारी शराब की दुकान के बाहर शराब से भरी बोतलों को फोड़कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान दुकान के सेल्समैन रमेश टेपण से प्रदर्शनकारी महिला मधु खटीक ने धक्का मुक्की कर मारपीट की तथा उसके हाथ से राशि छीन कर बाहर फेंक दी। सेल्समैन की रिपोर्ट पर शाहपुरा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया है। इस बीच उपखंड अधिकारी ने थाना प्रभारी को सभी दुकानदारों के लाईसेंस मांगने व आसपास रहने वाले सभी मकानों को चेक कर लोगों की तस्दीक करने के निर्देश दिये है।

हंगामे की घटना की सूचना मिलने पर शाहपुरा के पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाईश शुरू की। मौके पर पहुंचे एसडीएम पुनीत कुमार गेलड़ा, सीआई राजकुमार नायक व आबकारी थाना अधिकारी ओमप्रकाश सिंह ने प्रदर्शनकारी महिलाओं से समझाईश की और जानकारी ली तो महिलाओं ने यहां सरकारी शराब की दुकान के देर रात तक खुलने का आरोप लगाया तथा पूरे इलाके में मांस का अवैध कारोबार होने की जानकारी दी।


**हंगामे की सूचना पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे।**

इस पर एसडीएम पुनीत गेलड़ा ने सीआई राजकुमार नायक को पूरे इलाके की जांच करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम पुनीत गेलड़ा ने यहां अवैध तरीके से चल रही मांस मच्छी की दुकानों की शिकायत पर मौके पर खुली दुकानों से जब लाइसेंस की मांग कर डाली तो सभी दुकानदार यहां से भाग छूटे। उपखंड अधिकारी ने थाना प्रभारी को निर्देश दिये हैं कि सभी दुकानों के लाईसेंस चेक किये जाएं बिना लाईसेंस वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। इसके अलावा आस पास मकानों में रहने वाले लोगों का भी परीक्षण कर उनकी तस्दीक करावें।

इस इलाके में दर्जन भर से अधिक अवैध मांस मछली की दुकाने हैं जो यहां देर रात तक संचालित होती है और यहां देर रात तक शराब पीकर लोग उत्पात मचाते हैं जिससे महिलाओं व बालिकाओं में भय का माहौल बना रहता है। अवैध मांस मछली की दुकानों पर एसडीएम के सख्त रवैये से यहां इलाके में अफरा तफरी का माहौल हो गया। मोहल्ले वासियों ने एसडीएम से इस इलाके से सभी मांस-मछली व सरकारी शराब की दुकान को हटाकर अन्यत्र लगाने की मांग की है।

- **उपखंड अधिकारी ने थाना प्रभारी को दुकानदारों के लाईसेंस मांगने व आसपास के लोगों की तस्दीक करने के निर्देश दिये**

सरकारी शराब दुकान के सेल्समेन रमेश टेपण ने महिला मधु खटीक के खिलाफ दुकान में घुस कर मारपीट कर, शराब बोतलें फोड़ने व राशि छीनकर फेंकने का मामला थाने में दर्ज कराया है। एसडीएम ने शराब की दुकान के रात 8 बाद खुलने की शिकायत पर आबकारी थाना अधिकारी को जांच करने के निर्देश दिए हैं। वहीं अवैध मांस मछली की दुकानदारों को जल्द ही वैध लाइसेंस बनवाने के आदेश दिए हैं।